सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर

क्रमांकः– कोर्ट/भूमि अवाप्ति/जिप्सम/2024/2162 दिनांकः 28-06-2024

आवश्यक सूचना
(लोक सूचनार्थ)

नागौर जिले में राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड की भदवासी खदान परियोजना हेतु निजी/राजकीय भूमि अवाप्ति बाबत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की प्रारुप रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रस्तुत किये जानें के उपरांत भूमि अर्जन,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 की धारा–5,6 एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम, 2016 के नियम 7 के तहत प्रभावित क्षेत्र के सम्बंधित तहसील–नागौर जिला–नागौर के निम्न ग्रामों के लिए प्रभावित व्यक्ति/हितधारकों की सुनवाई हेतु जनसुनवाई बैठक आयोजित की जानी है। आयोजित होनें वाली जनसुनवाई बैठकों का विवरण निम्नानुसार है–

क्र. सं.	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	जनसुनवाई हेतु निर्धारित स्थल	दिनांक	समय
1.	भदवासी	बालवा	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भदवासी	25.07.2024	प्रातः 11.00 बजे
2.	गंठीलासर	गंठीलासर	ग्राम पंचायत भवन, गंठीलासर	29.07.2024	प्रातः 11.00 बजे
3.	मकोड़ी, बालासर, पीलनवासी, ढाकोरिया	मकोड़ी	ग्राम पंचायत भवन, मकोड़ी	31.07.2024	प्रातः 11.00 बजे

अतः वर्णित ग्रामों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित होनें वाले समस्त हितधारकगण व जन–प्रतिनिधिगण निर्धारित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होनें हेतु सादर आमंत्रित है।

28/6/24

(चम्पालाल जीनगर)
प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर

क्रमांकः कोर्ट/भूमि अवाप्ति/जिप्सम/2024/ दिनांकः

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित

1. उप महाप्रबंधक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख भदवासी खदान परियोजना, नागौर को प्रेषित कर लेख है कि इस सूचना का प्रकाशन दो हिन्दीभाषी स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों में करवाया जाकर समाचार पत्रों की प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध करावें तथा सूचना सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करावें।
2. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, नागौर

-sd-

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर

स्टेशन रोड, नागौर 341001
Tel: 01582-240877(0), 1582-240830 (F), E-mail: ADM-NAG-RJ@GOV.IN
Land acquisition section:adm court 2015@gmail.com